प्रेषक,

हर्षवर्धन,
अपर जनपद न्यायाधीश,
अनपरा स्थित ओबरा, सोनभद्र।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद, उ0प्र0।

द्वारा

माननीय जनपद न्यायाधीश
सोनभद्र।

विषयः पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में-

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पत्र संख्या 9691/IV-F-82 (Pension)/Admin.(A)Dated July 16, 2024 के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 14/2024/सा-3-243/दस-2024/301(1)/2024 दिनांकित 28.06.2024 के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के ऐसे सभी कर्मचारी, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/ नई पेंशन योजना के अन्तर्गत आते हैं और राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या SA-3-379/X-2005-301(9)-2003 Dated 28.03.2005 जारी होने से पहले विज्ञापित पदों/रिक्तियां पर नियुक्त किए गए हैं, उन्हें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन से सम्बन्धित पुरानी पेंशन योजना से दिनांक 31.10.2024 की निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर उ0प्र0 सेवानिवृत्ति लाभ नियमावली 1961 के तहत कवर करने की सुविधा दी गयी है तथा यह भी उल्लिखित किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के नियंत्रण में कार्यरत सभी न्यायिक अधिकारी, जिन्हें उ0प्र0 न्यायिक सेवा/ यू.पी. एच.जे.एस. की अधिसूचना दिनांकित 28.03.2005 जारी होने से पहले विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष नियुक्त/चयनित किया गया है, के लिए पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने हेतु शासनादेश संख्या 20/2024/सा-3-276/दस-2024/301(1)/ 2024 दिनांकित 11.07.2024 जारी किया गया है।

श्रीमान् जी को सादर अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी की नियुक्ति लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 द्वारा जारी विज्ञापन संख्या ए-2/ई-1/2003 दिनांकित 22 नवम्बर 2003 के माध्यम से उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद पर माननीय उच्च न्यायालय की विज्ञप्ति संख्या 1102/डीआर (एस)/2006 के अनुक्रम में हुई थी। तत्पश्चात अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त पद पर दिनांक 19.06.2006 को कार्यभार ग्रहण किया गया।

अतः श्रीमान् जी से विनम्र निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी पत्र एवं उत्तर प्रदेश शासन के उपरोक्त शासनादेश के आलोक में प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न विकल्प के आधार पर अधोहस्ताक्षरी को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान कराने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक 04.10.2024

भवदीय,
4/10/24
(हर्षवर्धन)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश
अनपरा स्थित, ओबरा सोनभद्र।
आई0डी0-UP6323

कार्यालय जनपद न्यायाधीश सोनभद्र
पत्रांक 1316/I सोनभद्र दिनांक- 04.10.24
अग्रसारित
जनपद न्यायाधीश
सोनभद्र